हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 9 मई 2026


तापमान
अधिकतम 39.6 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

**शहर में आज**

- बिजली निगम का खंभों से अवैध तारे हटाने का अभियान जारी।
- नगर निगम सिंगल यूट प्लास्टिक को लेकर चलाएंगा अभियान।
- दमकल कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे।




# मां बच्चों की पहली अध्यापक जो प्यार व संस्कार देती है : डॉ. ममता

## मातृ दिवस पर जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में बच्चों ने जताया माताओं के प्रति प्यार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट, में मातृ दिवस व महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के छात्रों ने शिरकत की।

इस अवसर पर विभिन्न छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी माता के प्रति प्रेम और सम्मान को व्यक्त किया। कार्यक्रम में कविता पाठ, नृत्य और गायन प्रस्तुतियां शामिल थीं, जिन्हें सभी ने दिल से सराहा। इस आयोजन में बाल वाटिका-1 व बाल वाटिका-2 के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे- मुन्ने बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आनंद उठाया, जिसमें विजेता अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि मां बच्चों की पहली शिक्षिका होती है । मां वह पहली गुरु है, जो हमें प्यार, संस्कार और हर परेशानी में हमारा साथ देती है व हमारी खुशियों में सबसे ज्यादा खुश हमारी माँ होती है। मां और बच्चे का रिश्ता बेहद खास होता है। बच्चों के जीवन में मां की भूमिका अतुलनीय है। सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए खुश गवार जीवन जीने, जीवन की सच्चाई को स्वीकार करने की प्रेरणादायक स्पीच के माध्यम से यह संदेश दिया कि मां केवल एक रिश्ता नहीं, एक भावना है जिसे जीवनभर संजोकर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मातृ दिवस साल में एक दिन मनाने का त्यौहार नहीं बल्कि हर दिन को मातृ दिवस के रूप में मनाए।





### वैश्य कॉलेज में मनाया विश्व यूथ रेड क्रॉस दिवस



रोहतक। वैश्य महाविद्यालय में विश्व यूथ रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेड क्रॉस यूनिट और भूगोल विभाग द्वारा विशेष लेखन प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने स्वयंसेवकों को विश्व रेड क्रॉस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। यूथ रेड क्रॉस समन्वयक डॉ. विनीत बाला ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

### पठानिया पब्लिक स्कूल में भाषण व समाचार वाचन प्रतियोगिताओं से निखरा बच्चों का कौशल

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में इस सप्ताह भाषण व समाचार वाचन प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी व हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते अलग-अलग विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों का आत्मविश्वास, उच्चारण और अभिव्यक्ति कौशल देखने योग्य था। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभा को उजागर करना और भाषा-कौशल को मजबूत करना था। इसी क्रम में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने समाचार वाचन प्रतियोगिता की दोनों भाषाओं में अपनी अभिव्यक्ति और सामान्य ज्ञान में अपना हुनर दिखाया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में सोचने, बोलने और नेतृत्व करने की क्षमता विकसित करती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी व कोर्डिनेटर्स प्रभा शर्मा, मीना, अनु सहरावत, रजनी गुलाटी व तरुणा अनेजा उपस्थित रहीं।

### स्कॉलर्स रोजरी में कैडेट्स की चयन प्रक्रिया पूरी



रोहतक। स्कॉलर्स रोजरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोहतक बोहर में शुक्रवार को फर्स्ट हरियाणा एन सी सी बटालियन, रोहतक के अंतर्गत जूनियर विंग कैडेट्स की चयन प्रक्रिया हुई। यह प्रक्रिया भर्ती कमांडिंग अधिकारी कर्नल सुखविंदर सिंह व कर्नल अमन चौधरी के नेतृत्व में हुई। इस दौरान बटालियन की तरफ से नायब सूबेदार संजय सिंह तथा हवलदार हेमराज, हवलदार रामनिवास, हवलदार नीरज कुंडू व एन सी सी ऑफिसर कपिल और मोहित उपस्थित रहे और उनकी देखरेख एवं मार्गदर्शन में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस उपलक्ष पर स्कूल डायरेक्टर डॉ रविंद्र गुगनानी ने चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

### पुलिस डीएवी स्कूल में मातृ दिवस मनाया



रोहतक। पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल सुनारियां में शुक्रवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने कविताओं, भाषण ,गीत व संगीत के माध्यम से एवं नृत्य के माध्यम से मां का आभार व्यक्त किया और जीवन में मां की महत्ता को उजागर किया। छात्रों के ग्रुप के द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया इसके अलावा छात्राओं ने बहुत सुंदर नृत्य के माध्यम से मां के प्रति अपने विचार अभिव्यक्त किये। छात्रों के प्रदर्शन ने सभी को भावुक कर दिया। प्रधानाचार्या रीना हरजाई ने कहा कि मां का स्थान कोई नहीं ले सकता अगर ईश्वर के बाद किसी का स्थान आता है तो वह केवल और केवल मां है जो हमारे जीवन को सजाती और संवारती है। चेयरमैन आईजीपी रोहतक रेंज सिमरदीप सिंह जी ने इस प्रयास की सराहना की।

### छात्रों ने कविताओं से मोहा मन




रोहतक। शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किलोई में मातृ दिवस बड़े उत्साह एवं भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मातृ सम्मान, संस्कार एवं पारिवारिक मूल्यों की भावना को विकसित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में कविता पाठ, गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत "माँ के प्रति आभार" विषय पर विशेष गतिविधियों ने अभिभावकों को भावुक कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल हुड्डा व निर्देशिका राजवंती हुड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि माँ ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है।

### मॉडल स्कूल में मनाया मदर्स-डे



रोहतक। आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने अभिभावकों के साथ मदर्स डे मनाया। विशेष प्रार्थना सभा में नन्हें फ़रिश्तों ने कविताएँ सुनाई, भाषण दिए तथा कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने माँ को समर्पित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की तो वहीं नर्सरी के विद्यार्थियों की माताओं ने अपने बच्चों के साथ एसएस बाग में पिकनिक में भाग लिया । इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ .अरुणा तनेजा भी उपस्थित रहीं। नौंवी - दसवीं के बच्चों ने अपनी माँ के लिए सुंदर - सुंदर गहने बनाए । जब खूबसूरत तोहफ़े तैयार हो गए तो उछलते कूदते बच्चे घर जा रहे थे कि 'मदर्स डे ' पर ये सब चीजें वे अपनी मां को उपहार स्वरूप देंगे । मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त रोहतक सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष रामअवतार गुप्ता ,सचिव राजेश कुमार सहगल ने भी 'मदर्स डे' पर सभी अभिभावकों के लिए शुभकामना संदेश भेजा तथा उन्होंने कहा कि माँ हम सब के लिए पूजनीय है ।

# शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण की है आधारशिला : शिक्षा मंत्री

- माता-पिता बच्चों को जन्म देते हैं, लेकिन शिक्षक उन्हें महान बनाते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ कौशल, तकनीक और संस्कारों से भी समृद्ध होना होगा। शिक्षा हमें योग्य बनाती है, जबकि दीक्षा और संस्कार हमें संवेदनशील नागरिक बनाते हैं। आज देश को केवल डिग्रीधारी युवा नहीं, बल्कि संस्कारवान और राष्ट्रहित में सोचने वाले युवाओं की आवश्यकता है।




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि उनकी मेहनत, अनुशासन और संकल्प का प्रतीक है।

### निपुण वाटिका से लर्निंग बनी रुचिकर: शिक्षा मंत्री

रोहतक। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चें मेधावी एवं प्रतिभाशाली है। अध्यापक वर्ग इन बच्चों को अपनी मेहनत से सही दिशा देने का कार्य कर रहे है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने निपुण वाटिका से लर्निंग कार्य का रुचिकर व आसान बना दिया है।

### एसएफआई ने सौंपा ज्ञापन

रोहतक। पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज की जर्जर बिल्डिंग और बदहाल सड़कों को लेकर एसएफआई ने शिक्षा मंत्री ढांडा को ज्ञापन सौंपकर कॉलेज परिसर में नई बिल्डिंग व सड़कों के निर्माण की मांग की। छात्र नेताओं ने शिक्षा मंत्री को अवगत कराया कि कॉलेज की मुख्य इमारत और सड़कें पिछले तीन वर्षों से टूटी पड़ी हैं।




### जैन पब्लिक स्कूल में रोहतक की पहली आधुनिक अंतरिक्ष प्रयोगशाला का उद्घाटन, शिक्षा मंत्री ने की सराहना

रोहतक। जैन सभा द्वारा संचालित जैन पब्लिक स्कूल, माता दरवाजा में रोहतक की पहली आधुनिक खगोल विज्ञान एवं अंतरिक्ष प्रयोगशाला का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा रहे। एलपीएस बोसॉर्ड के एमडी राजेश जैन के सहयोग से नवरात एजुकेशन टेक्नोलॉजी द्वारा निर्मित इस लैब में विक्रम लैंडर, संचार उपग्रह, रोहिणी उपग्रह, जंतर-मंतर मॉडल और खगोलीय दूरबीन जैसे अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि यह लैब बच्चों को ब्रह्मांड की गहराइयों को समझने में मदद करेगी। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने इस पहल की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, यह लैब बच्चों के बौद्धिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। जिज्ञासु होना साहस की निशानी है, इसलिए बच्चों को तब तक सवाल पूछने चाहिए जब तक उनकी शंका दूर न हो जाए। विशिष्ट अतिथि राजेश जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का खगोल विज्ञान नासा से भी प्राचीन है। उन्होंने बच्चों को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

### डीएवी स्कूल में मातृ दिवस कार्यक्रम ने बांधा समां

रोहतक। डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और भावनाओं का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के पहले दिन महान कवि एवं साहित्यकार रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने टैगोर के जीवन और साहित्य पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कीं। इसके साथ आयोजित टैलेंट शो में छात्रों ने गायन, वादन और अभिनय के माध्यम से अपनी छिपी प्रतिभाओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन 8 मई को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सभा आयोजित की गई।

### एमडीएन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया मदर्स-डे

रोहतक। एमडीएन पब्लिक स्कूल की फाउंडेशनल विंग में 8 मई 2026 को मातृ दिवस हर्षोल्लास और भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी अभिभावकों का दिल जीत लिया। कक्षा द्वितीय की छात्राओं अनन्या, रूहानी, खुशी और विहान ने श्रीमती हिमांशी एवं मंजू हुड्डा के मार्गदर्शन में मंच संचालन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां की महिमा को समर्पित स्वागत गीतों से हुई। एलकेजी के नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत "मेरी मां" राइम ने सभी को भावुक कर दिया। वहीं कक्षा द्वितीय की छात्राओं ने कैलाश खेर के प्रसिद्ध गीत "मां मेरी मां" पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने "तू दुआओं का है घर मां" गीत पर आकर्षक प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। "मॉम हार्ट प्रिंटिंग एक्टिविटी" भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही।

### विद्यार्थियों को वितरित की 2500 नोटबुक



रोहतक। महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा भिवानी रोड स्थित राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में विद्यार्थियों को 2500 नोटबुक वितरित की गईं। इस अवसर पर प्रसिद्ध उद्योगपति दीपक जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। दीपक जैन ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। यदि बचपन में अच्छी शिक्षा मिलेगी, तभी देश का भविष्य उज्ज्वल बनेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोयल एवं संयोजक सुशील गुप्ता ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा है। छात्र-छात्राओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए ट्रस्ट निरंतर कार्य कर रहा है। स्कूल की प्राचार्या अरुणा नांदल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। मौके पर नरेश गोयल, सुशील गुप्ता, प्रेम गर्ग , गणपत राय गोयल, अशोक गुप्ता, नीरज बंसल, पुनीत गुप्ता,प्राचार्या अरुणा नांदल, कृष्ण रंजन, रितिका आदि रहे।



रोहतक। मीटिंग लेते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया। फोटो : हरिभूमि

### एमडीयू में विकसित होगा स्टार्टअप और इनोवेशन का मजबूत इकोसिस्टम : प्रो. मिलाप पूनिया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में नवाचार, स्टार्टअप तथा उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समग्र योजना एवं प्रभावी नीति तैयार की जाएगी। विश्वविद्यालय के शोधार्थियों और विद्यार्थियों को उद्यमी तथा जॉब क्रिएटर बनाने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएंगे। यह विचार एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (सीआईआईई) के तत्वावधान में आयोजित बैठक में व्यक्त किए। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारत सरकार तथा हरियाणा प्रदेश की स्टार्टअप नीतियों के प्रावधानों को समाहित करते हुए विश्वविद्यालय की अपनी स्टार्टअप एवं इनोवेशन नीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उद्यमिता का सशक्त इकोसिस्टम विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि युवा रोजगार पाने वाले नहीं, बल्कि रोजगार उपलब्ध कराने वाले बन सकें। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित उद्यमियों, सफल स्टार्टअप क्रिएटर्स एवं इनोवेटर्स को आमंत्रित कर विद्यार्थियों और शोधार्थियों का मार्गदर्शन कराया जाएगा।

# नगर पालिका चुनाव प्रचार-प्रसार का शोर थमा, कल होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

- 16 बूथों में 6 संवेदनशील घोषित, सभी मतदान केंद्रों पर अलग-अलग पुलिस पार्टियां तैनात

सांपला नगरपालिका चुनाव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। कई दिनों तक गलियों, चौपालों और बाजारों में गूंजता चुनावी प्रचार शुक्रवार शाम थम गया। प्रचार थमते ही कस्बे का माहौल पूरी तरह बदल गया और अब सभी की निगाहें रविवार को होने वाले मतदान पर टिक गई हैं। देर शाम तक उम्मीदवारों ने आखिरी दौर में मतदाताओं से संपर्क साधा, जबकि अब केवल व्यक्तिगत जनसंपर्क के जरिए ही वोट मांगने की अनुमति रहेगी। नगरपालिका चुनाव में इस बार चेयरमैन पद के लिए 10 उम्मीदवार आमने-सामने हैं, वहीं 15 वार्डों में 43 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 16 वार्डों वाली नगरपालिका में वार्ड नंबर 3 से भाजपा प्रत्याशी महेश बंसल निर्विरोध चुने जा चुके हैं। ऐसे में बाकी वार्डों और चेयरमैन पद को लेकर मुकाबला और भी दिलचस्प माना जा रहा है। कस्बे में जगह-जगह चुनावी चर्चाओं का दौर जारी है और मतदाता अंतिम समय तक समीकरणों का आंकलन करते दिखाई दे रहे हैं। रविवार को होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त कर दी है। प्रशासन की ओर से 16 में से 6 मतदान केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इन बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सभी मतदान केंद्रों के लिए अलग-अलग पुलिस पार्टियां नियुक्त की गई हैं।

### मतदान व मतगणना के दौरान मोबाइल व रिकॉर्डिंग उपकरणों पर प्रतिबंध: गुप्ता

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने नगर पालिका सांपला के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार



10 मई को सांपला स्थित सभी मतदान केंद्रों तथा 13 मई को मतगणना दिवस पर मतगणना केंद्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन, कॉर्डलेस फोन, पेजर, वायरलेस सेट, कैमरा अथवा किसी भी प्रकार के रिकॉर्डिंग उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से लिया गया है। हालांकि आदेशों में केंद्रीय एवं राज्य पर्यवेक्षकों, प्रैजाइडिंग अधिकारियों, सेक्टर सुपरवाइजरों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों, चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों, पुलिस अधिकारियों तथा हरियाणा चुनाव आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्तियों को छूट प्रदान की गई है। इन अधिकारियों को भी अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड पर रखने होंगे तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

## सुपवा में अब 10 मई तक चलेगी अभिव्यंजना प्रदर्शनी

# पेड़ों की छाल, जूट व टाइल के टुकड़ों से बनी कलाकृतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में फैकल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स की ओर से आयोजित 11वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी 'अभिव्यंजना' का शुक्रवार को छठा दिन रहा। कला प्रेमियों व छात्रों के बढ़ते उत्साह को देखते हुए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रदर्शनी की अवधि दो दिन और बढ़ा दी है। अब यह प्रदर्शनी 10 मई तक जारी रहेगी। पेड़ों की छाल, जूट व घास का उपयोग कर तैयार की गई कलाकृतियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शुक्रवार को पूर्व आईएएस अधिकारी व मोटिवेशनल स्पीकर विवेक अत्रे ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्रों को मोटिवेट किया। यूनिवर्सिटी पहुंचने पर फैकल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स के कोऑर्डिनेटर विनय कुमार और स्टाफ सदस्यों ने विवेक अत्रे का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने फैकल्टी ऑफ डिजाइन की बिल्डिंग में लगी प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन किया। छात्रों ने अपनी कलाकृतियों के पीछे की सोच और विषयवस्तु पर जानकारी दी।




रोहतक। ओपन स्टेज पर अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### स्टेज पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बांध रहीं समां

प्रदर्शनी में आयोजित ओपन स्टेज कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। फैकल्टी ऑफ डिजाइन बिल्डिंग के कोर्टयार्ड में शाम साढ़े छह बजे से रात आठ बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें छात्र म्यूजिक, डांस, कविता पाठ और अभिनय से जुड़ी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। बुधवार शाम छात्रों ने हरियाणवी, पंजाबी व राजस्थानी लोकनृत्यों के साथ-साथ बॉलीवुड गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

विवेक अत्रे ने खुद भी चित्रों में रंग भरकर अपनी कलात्मक रुचि का परिचय दिया।

### एबीवीपी के प्रस्तावित कार्यक्रम का विरोध

दादा लखमीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों ने एबीवीपी के प्रस्तावित कार्यक्रम और सदस्यता अभियान के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर "एबीवीपी गो बैक" के नारों से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने कहा कि सुपवा की पहचान कला, संस्कृति, संवाद और स्वतंत्र अभिव्यक्ति से है, किसी राजनीतिक संगठन से नहीं। विद्यार्थियों का कहना था कि आगामी दिनों में परिसर में एबीवीपी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाने की सूचना मिलने के बाद विद्यार्थियों में चिंता बढ़ गई है।

### क्वीन चैलेंज कप में 300 खिलाड़ी लेंगी हिस्सा

रोहतक। पठानिया वर्ल्ड कैंपस में 10 मई को रोप स्किपिंग संगठन हरियाणा द्वारा "क्वीन चैलेंज कप" का आयोजन किया जाएगा।



प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से करीब 300 लड़कियां भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन में रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, पलवल, फरीदाबाद और सोनीपत सहित कई जिलों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। लगातार 13वें वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी को साइकिल, द्वितीय स्थान पर ट्रैवलिंग बैग तथा तृतीय स्थान पर लैपटॉप बैग प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।

मार्केट न्यूज

### अलन्टा मार्ट ने जीता साई प्रीमियर लीग सीजन-1 का खिताब




रोहतक। रोहतक क्रिकेट जगत में पहली बार आयोजित "साई प्रीमियर लीग सीजन-1" का रविवार को भव्य समापन हुआ। साई ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस लीग के फाइनल मुकाबले में अलन्टा मार्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पिज़्ज़ा विंग को 8 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में पिज़्ज़ा विंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 103 रन बनाए। अलन्टा मार्ट के कप्तान मोहित अहलावत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। जवाब में अलन्टा मार्ट ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 13.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। पुरस्कार वितरण समारोह में बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर और संचित नांदल मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। तीन महीने तक चली इस लीग में पूरे हरियाणा से 8 टीमों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन सभी खिलाड़ियों का चयन निलामी द्वारा किया था। लीग के मुख्य आयोजक डॉ. संदीप भूकर रहे। विजेता टीम अलन्टा मार्ट को ट्रॉफी सहित 1 लाख रुपये, जबकि उपविजेता पिज़्ज़ा विंग को 65 हजार रुपये प्रदान किए गए। प्लेयर ऑफ द लीग देव नारा और फाइटर ऑफ द लीग योगेश राठी को 21-21 हजार रुपये व ट्रॉफी दी गई। बेस्ट बैट्समैन योगेश राठी और बेस्ट बॉलर देव नारा को 7100-7100 रुपये व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। वहीं फेयर प्ले अवॉर्ड सदाशिवा स्टीलर्स को प्रदान किया गया।

हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार 9 मई 2026


तापमान

अधिकतम 39 .6 डिग्री

न्यूनतम 18 .0 डिग्री

## राजकीय महिला महाविद्यालय को एमएससी केमिस्ट्री और बॉटनी का कोर्स मिला

**रोहतक।** हरियाणा के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में शुमार राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। महाविद्यालय में इसी शैक्षणिक सत्र (2026-27) से विज्ञान संकाय के दो महत्वपूर्ण विषयों एमएससी केमिस्ट्री (रसायन विज्ञान) और एमएससी बॉटनी (वनस्पति विज्ञान) का कोर्स मिल गया है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने दोनों विषयों के लिए 40-40 सीटों की मंजूरी प्रदान कर दी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने उच्चतर शिक्षा निदेशालय को इन कोर्सेज के लिए विशेष मांग पत्र भेजा था। रोहतक और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को इन विषयों की पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों या निजी संस्थानों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

### खबर संक्षेप

## मोखरा में जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गांव मोखरा में पंजाब निवासी मनिन्द्रजीत सिंह और उसके साथियों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अश्वनी उर्फ भोलू निवासी तिलक नगर रोहतक तथा सचिन निवासी नीमली, चरखी दादरी के रूप में हुई है। दोनों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। 23 अप्रैल 2026 को मनिन्द्रजीत सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

## नहर में मिली किशोरी के शव की नहीं हुई शिनाख्त

**रोहतक।** सदर थाना क्षेत्र स्थित रजबाहे में मृत अवस्था में मिले किशोरी के शव की दूसरे दिन भी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने आसपास के जिलों में सूचना भिजवाई है। शव का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि अभी तक ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है कि किशोरी की मौत कैसे हुई। उसकी शिनाख्त होने के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकता है। बृहस्पतिवार को किशोरी का शव रजबाहे से बरामद हुआ था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कार्रवाई की थी।

## युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एसडीयू की टीम ने गश्त के दौरान युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी से एक देशी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी हिमांशु को अवैध हथियार देने वाले युवक को भी काबू किया गया है। मामले की गहनता से पूछताछ की जा रही है। मुख्य सिपाही लोकेश के नेतृत्व में पुलिस टीम आउटर बाईपास रोहतक के पास गश्त में मौजूद थी। लाढौत भैयापुर चौक आउटर बाईपास रोहतक के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान हिमांशु निवासी किडौली जिला सोनीपत के रूप में हुई। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देशी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी हिमांशु को अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाले आरोपी संदीप उर्फ सैंडी निवासी गांव चुलियाना को गिरफ्तार किया गया है।

## तेज सिरदर्द भी हो सकता है जानलेवा, न लें हल्के में

# नौवीं की छात्रा की नस फटी, पीजीआई में छह दिन तक लड़ी जिंदगी की जंग, इलाज में देरी बनी मौत का कारण

### स्कूल में अचानक बीमार हुई थी बच्ची, प्रबंधन ने लक्षणों को नहीं लिया गंभीरता से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

**पीजीआई में भी 60 घंटे तक सीटी स्कैन नहीं हुआ परिजनों ने विशेषज्ञ डॉक्टर न बुलाने के लगाए आरोप**

अलग खबर

बच्चों में अचानक सिर में तेज दर्द होना कभी कभी घातक साबित हो सकता है। समय पर उपचार न करने पर तो इससे जान जा सकती है। कुछ इसी तरह का हादसा निजी स्कूल में नौवीं कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा के साथ हुआ। पीजीआई में छह दिन तक जिंदगी और मौत के बीच जूझने के बाद वह हार गई। अब परिजनों ने स्कूल प्रबंधन और पीजीआईएमएस रोहतक के चिकित्सकों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने से परिवार में भारी नाराजगी है। श्रीनगर कॉलोनी निवासी विक्रम मुंजाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी 4 अप्रैल 2026 की सुबह पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में स्कूल गई थी। वह निजी स्कूल में कक्षा 9 वीं की छात्रा थी। शिकायत के अनुसार सुबह करीब 8 बजे बच्ची ने क्लास टीचर को असहनीय सिरदर्द होने की जानकारी दी थी। आरोप है कि इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन ने छात्रा को आराम देने के बजाय हाउस मीटिंग और ग्राउंड गतिविधियों में भेज दिया। परिजनों का कहना है कि स्कूल में ही उनकी बेटी की हालत लगातार बिगड़ती गई, लेकिन उन्हें इसकी सूचना करीब 10:25 बजे दी गई। परिवार ने आरोप लगाया कि छात्रा को नजदीकी निजी अस्पताल ले जाने के बजाय सीधे पीजीआईएमएस रोहतक पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी रही। शिकायत में पीजीआईएमएस के चिकित्सकों पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। परिजनों का कहना है कि डॉक्टरों ने समय रहते सीटी स्कैन नहीं करवाया और न ही न्यूरोसर्जन को बुलाया गया। उन्हें बताया गया कि डॉक्टर अवकाश पर है। आरोप है कि लगभग 60 घंटे बाद सीटी स्कैन किए जाने तक दिमाग में खून फैल चुका था। परिवार के अनुसार नस फटने के कारण छात्रा की हालत लगातार बिगड़ती गई और 10 अप्रैल 2026 को उसकी मौत हो गई। मामले में परिवार ने आईएमटी थाना और एसपी रोहतक को लिखित शिकायत दी थी।

### अचानक सिरदर्द हो तो डॉक्टर से करें संपर्क

बच्चों में अचानक तेज सिरदर्द को सामान्य समझकर नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। डॉक्टरों के अनुसार कई मामलों में यह मस्तिष्क में रक्तस्राव, नस फटने या अन्य गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्या का शुरुआती संकेत हो सकता है। समय पर जांच और इलाज न मिलने पर स्थिति जानलेवा भी बन सकती है। नौवीं कक्षा की छात्रा के मामले ने इस खतरे को उजागर किया, जहां अचानक सिरदर्द के बाद इलाज में देरी से उसकी जान चली गई। परिजनों ने उपचार में लापरवाही के आरोप भी लगाए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बच्चे को अचानक तेज सिरदर्द, उल्टी, चक्कर, बेहोशी या व्यवहार में बदलाव जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## सफाई कर्मियों की हड़ताल से बिगड़े हालात, हर जगह लगे कूड़े के ढेर

# बढ़ा बीमारियों का खतरा

- गंदगी-बदबू से लोगों को हो रही परेशानी, डेंगू, मलेरिया व अन्य संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ा
- कई कॉलोनियों में लोग निजी खर्चे से उठवा रहे कचरा, निगम की व्यवस्था पर उठे सवाल
- प्रशासन की बेरुखी के कारण कर्मचारियों ने 11 मई तक बढ़ा दी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



**रोहतक।** बाल भवन के सामने पड़ा कचरा।



शांत मई चौक पर कचरे का ढेर। फोटो : हरिभूमि

शहर में लगातार बढ़ते कूड़े के ढेर अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनते जा रहे हैं। सड़कों, गलियों और बाजारों में जमा कचरे से न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि अब उसमें कीड़े-मकोड़े भी पनपने लगे हैं। हालात ऐसे हो चुके हैं कि कई इलाकों में लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। नगर निगम सफाई कर्मचारियों का धरना जारी रहने के कारण सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। शहर की कॉलोनियों मुख्य मार्गों जैसे छोटू राम स्टेडियम, पावर हाउस, मॉडल टाउन, सुनारियां चौक और बाजारों में कई दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है। कूड़े के ढेर लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में बीमारी फैलने का डर बढ़ गया है। गर्मी बढ़ने के साथ स्थिति और गंभीर होती जा रही है। लोगों का कहना है कि बदबू के कारण घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद रखनी पड़ रही हैं। वहीं, मच्छर, मक्खी और अन्य कीड़े तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया और वायरल जैसी बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। सफाई व्यवस्था ठप होने से सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों और रोजाना काम पर निकलने वाले लोगों को कूड़े के ढेरों के बीच से गुजरना पड़ रहा है। कई जगहों पर कचरा सड़कों तक फैल चुका है, जिससे आवागमन में भी बाधा आ रही है। बाजारों और रिहायशी इलाकों में फैली गंदगी से शहर की छवि भी खराब हो रही है।

### कई इलाकों में हालात बेहद खराब बने

कुछ कॉलोनियों और मोहल्लों में लोगों ने बीमारी के खतरे को देखते हुए अपने स्तर पर सफाई करवानी शुरू कर दी है। कई स्थानों पर निवासियों ने निजी खर्चे से ट्रैक्टर-ट्रॉली और मजदूर बुलाकर कूड़ा उठवाया ताकि आसपास गंदगी न फैले। हालांकि हर क्षेत्र के लोग ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं, जिसके चलते कई इलाकों में हालात बेहद खराब बने हुए हैं।

### कई यूनियनें भी समर्थन में आई

वहीं दूसरी ओर सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है, जिसके कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। अब हमने अपना धरना प्रदर्शन 11 मई तक बढ़ा दिया गया है। अन्य सभी विभागों की यूनियनें भी समर्थन में आ गई है।

### कूड़ा सड़ने से जहरीली गैसें होती हैं रिलीज

चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक कूड़े के ढेर लंबे समय तक पड़े रहने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। गंदगी में पनपने वाले मच्छरों से डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। वहीं सड़ते कचरे से निकलने वाली बदबू और जहरीली गैसों के कारण सांस संबंधी समस्याएं, एलर्जी और अस्थमा बढ़ सकता है। मक्खियों और दूषित वातावरण से टाइफाइड, डायरिया, उल्टी-दस्त और फूड पॉइजनिंग जैसी बीमारियों का खतरा भी रहता है।

### गांधरा विवाहिता हत्याकांड

## पति को उम्रकैद की सजा और जुर्माना भी लगाया

**6 फरवरी 2022 को हुई थी रिंकू की मौत अब आया फैसला**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



एएसजे संदीप कुमार दुग्गल की अदालत ने गांव गांधरा में हुए विवाहिता हत्याकांड मामले में तीन दोषियों को सजा सुनाई है। महिला के पति को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है जबकि दो अन्य को अलग-अलग धाराओं के तहत सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने मंजीत निवासी गन्नौर को आर्म्स एक्ट में एक साल कैद और पांच सौ रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। इसके साथ ही विवाहिता के पति सुरेंद्र को हत्या मामले में उम्र कैद की और दस हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। धारा 201 में तीन साल की सजा व दो हजार जुर्माना किया गया है। धारा 203 में एक साल की सजा, एक हजार रुपये जुर्माना किया गया है, जिसे न देने पर एक माह की सजा काटनी होगी। आर्म्ज एक्ट में तीन साल कैद की सजा, एक हजार रुपये जुर्माना न देने पर 15 दिन की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जबकि आर्म्ज एक्ट 25,54,59 में उसे सात साल कैद की सजा, दो हजार रुपये जुर्माना न देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जबकि विवाहिता के ससुर केहर सिंह को 201 एक साल की सजा सुनाई गई है, जिस पर एक हजार जुर्माना किया गया है। 203 में उसे छह माह की सजा सुनाई गई है।

### यह था मामला

थाना सांपला पुलिस को दी शिकायत में हरबीर सिंह निवासी रेवाड़ी खेड़ा जिला झज्जर ने बताया कि वे दो भाई और एक बहन हैं। बहन रिंकू की शादी 14 जुलाई 2013 में सुरेन्द्र निवासी गान्धरा जिला रोहतक के साथ की थी। करीब 2 साल से उनकी बहन का पति सुरेन्द्र, ससुर केहर सिहं व अन्य उनकी बहन रिंकु को अक्सर प्रताड़ित करते रहते थे। करीब डेढ़ साल पहले झगड़ा करके उसे घर से निकाल दिया था। वह कई माह उनके पास ही रही थी। उन्होंने समझा बुझा कर रिंकु को ससुराल भेज दिया था। सप्ताह पहले रिंकु ने फोन करके मेरी मां को बताया कि उसका पति व अन्य उसे तंग करते हैं। 26 फरवरी 2022 को उसके ताऊ राजबीर के मोबाइल पर मौसा केहर सिंह ने सूचना दी कि रिंकु को करंट लग गया है। सभी परिजन गान्धरा पहुंचे तो देखा कि उसकी बहन का शव फर्श पर रखा हुआ था। उसके शरीर पर कई घाव थे, जिसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

### राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा का लोहा मनवाया

## अभिमन्यु बाल्याण ने यूपीएससी आईएफएस परीक्षा में पाई सफलता



**रोहतक।** हरियाणा के युवाओं ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रोहतक के रहने वाले अभिमन्यु बाल्याण ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा (आईएफएस) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। अभिमन्यु की शुरुआती शिक्षा रोहतक के इंडस पब्लिक स्कूल से हुई है। वे बचपन से ही मेधावी रहे हैं और उन्होंने एनटीएसई स्कॉलर (राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा) का खिताब भी जीता है। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी दिल्ली से स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। उनके परिवार का शिक्षा के क्षेत्र से गहरा नाता है। उनके पिता सुशील बाल्याण, छोटूराम पॉलिटेक्निक से सेवानिवृत्त प्रिंसिपल हैं। उनकी मां रेखा बाल्याण भी एक सेवानिवृत्त शिक्षिका हैं।

### कठिन परिश्रम और उपलब्धियां

अभिमन्यु ने बताया कि यूपीएससी का सफर उनके लिए निरंतर प्रयासों का रहा है। उन्होंने इससे पहले आईएएस (प्रशासनिक सेवा) के लिए भी दो बार इंटरव्यू दिए थे। आईएफएस में यह उनका पहला प्रयास था, जिसमें उन्होंने सफलता प्राप्त की। वर्तमान में वे नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं। अभिमन्यु ने बताया कि उन्होंने किसी भी प्रकार की कोचिंग नहीं ली और घर पर ही रहकर सेल्फ स्टडी की किया। वे प्रतिदिन नियमित रूप से 8 से 10 घंटे पढ़ाई करते थे।


CSC CENTRE

REQUIREMENT

COMPUTER OPERATOR

2 (FEMALE)

Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office

Experience Preferred

Name: Abhimanyu

& : 9812515432

Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak


## मंडराया जल संकट, नहर में आधा पानी पहुंचने से सप्लाई प्रभावित

### 11 से नहर बंद होने पर और बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**ब्रांच में 1350 के मुकाबले 700 क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शहर में एक बार फिर पेयजल संकट गहराने लगा है। भालौठ सब ब्रांच में निर्धारित क्षमता से काफी कम पानी छोड़े जाने के कारण शहर के जलघरों के टैंकों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। स्थिति यह है कि जहां सामान्य तौर पर नहर में करीब 1350 क्यूसिक पानी चलना चाहिए, वहीं इस समय केवल लगभग 700 क्यूसिक पानी ही पहुंच रहा है। इसका सीधा असर शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ने लगा है। जानकारी के अनुसार ताजेवाला हेड पर पानी की कमी के चलते नहरों में जल प्रवाह घट गया है। कम पानी आने की वजह से रोहतक शहर के विभिन्न जलघरों में स्थित स्टोरेज टैंक पूरी क्षमता तक नहीं भर पा रहे। इससे कई इलाकों में पानी का दबाव कम हो गया है, जबकि कुछ क्षेत्रों में निर्धारित समय से कम पानी पहुंचने की शिकायतें भी सामने आने लगी हैं। ध्यान रहे कि रोहतक, सोनीपत स्थिति को और गंभीर बनाने वाली बात यह है कि 11 मई से नहर बंद होने जा रही है। इसके बाद 27 मई को जेएलएन नहर में दोबारा पानी छोड़ा जाएगा। यानी करीब दो सप्ताह तक जल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सीमित संसाधनों पर निर्भर रहेगी। ऐसे में आने वाले दिनों में शहरवासियों को पेयजल संकट का और अधिक सामना करना पड़ सकता है।

### पानी की काफी कमी

*ताजेवाला हेड पर इस समय पानी की काफी कमी है। इसी वजह से भालौठ सब ब्रांच नहर में इस समय 700 क्यूसिक पानी की आपूर्ति हो पा रही है। जबकि नहर की क्षमता 1350 क्यूसिक की है।*

*-अरुण मुंजाल*
*कार्यकारी अभियंता*
*सिंचाई विभाग रोहतक*

### मौजूदा जल भंडारण क्षमता काफी कम

शहर की तेजी से बढ़ती आबादी और शहर के विस्तार को देखते हुए मौजूदा जल भंडारण क्षमता काफी कम है। यदि समय रहते बड़े स्टोरेज टैंक और वैकल्पिक जल स्रोत विकसित नहीं किए गए, तो आने वाले वर्षों में समस्या और गंभीर हो सकती है। फिलहाल नगर निगम और जनस्वास्थ्य विभाग सीमित पानी के बेहतर प्रबंधन का दावा कर रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों की चिंता लगातार बढ़ रही है। प्रीत विहार के मनोज ने बताया कि उनके यहां सुबह और शाम पानी की सप्लाई का समय घट गया है। कुछ जगहों पर पानी का प्रेशर इतना कम है कि ऊपरी मंजिलों तक पानी नहीं पहुंच रहा। लोगों को निजी टैंकरों और सबमर्सिबल पंपों पर निर्भर होना पड़ रहा है। इसी प्रकार अंबेडकर कॉलोनी के मंजीत का कहना है कि हमारे यहां तक सर्दियों में जरूरत मुताबिक पानी की सप्लाई नहीं दी जाती है।

## ट्रेनिंग पूरी होते ही 2349 पटवारियों को मिली तैनाती

- हरियाणा सरकार ने जिलों व विभागों का किया आवंटन

**रोहतक।** हरियाणा सरकार ने लंबे समय से विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की कमी को दूर करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए हाल ही में प्रशिक्षित हुए 2349 पटवारियों को जिले और विभाग आवंटित कर दिए हैं। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद अब इन पटवारियों की तैनाती प्रदेश के अलग-अलग जिलों और विभागों में की जाएगी, जिससे राजस्व कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। सरकार ने राजस्व विभाग के साथ-साथ नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, वन विभाग, चकबंदी विभाग, पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) और शहरी स्थानीय निकाय विभाग जैसे अहम विभागों में भी पटवारियों की सेवाएं लेने की योजना बनाई है। विभागों को जरूरत के अनुसार कर्मचारियों का आवंटन किया गया है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में जमीन रिकॉर्ड, इंतकाल, निशानदेही, नक्शों की जांच, अतिक्रमण संबंधी मामलों और विकास परियोजनाओं से जुड़े कार्य लंबे समय से प्रभावित हो रहे थे।

## उत्तर प्रदेश में किडनैप हुआ बच्चा रोहतक से सकुशल बरामद

- वारदात में शामिल तीन आरोपियों को काबू कर यूपी पुलिस के हवाले किया

**रोहतक।** यूपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किडनैप हुए बच्चे को रोहतक से बरामद किया। साथ ही मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यूपी और हरियाणा पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सूचना साझा की गई कि 7 मई को बबेरू बांदा निवासी व्यक्ति ने थाना बबेरू जिला बांदा में अभियोग अंकित कराया कि वह अपने 10 वर्षीय बेटे को सुबह 7 बजे स्कूल में छोड़कर आया था जो दोपहर 12 बजे छुट्टी के समय उसका लड़का स्कूल में नहीं मिला। थाना बेबरु जिला बांदा पुलिस ने मामले में तुरन्त कार्रवाई करते हुए 10 वर्षीय बच्चे का अपहरण करने के आरोप में अज्ञात युवको के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना बेबरु जनपद को आरोपियों के रोहतक में छुपे होने के बारे में सूचना मिली। दोनों शहरों की पुलिस ने रामजी निवासी यूपी, सुमित निवासी सीतापुर हाल सेक्टर-4 रोहतक व अनिश निवासी बोहर रोहतक को काबू कर लिया।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

### रेडियो की स्वर्णिम यात्रा पर झूम उठा रोहतक

## आकाशवाणी ने हरित क्रांति, ग्रामीण जागरूकता और संस्कृति संरक्षण में निभाई अहम भूमिका

**आकाशवाणी रोहतक के 50 वर्ष पूरे होने पर कलाकारों साहित्यकारों और श्रोताओं ने साझा की अपनी यादें**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक




**रोहतक।** कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डॉ. राधाकृष्णन सभागार में शुक्रवार को आकाशवाणी रोहतक के 50 वर्ष और आकाशवाणी सेवाओं के 90 वर्ष पूरे होने पर स्वर्णिम समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से कलाकार, साहित्यकार, पूर्व अधिकारी और श्रोता शामिल हुए। सभागार के बाहर पुराने रेडियो गीतों की मधुर धुनें सुनाई दे रही थीं, जबकि अंदर हरियाणवी लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम करीब तीन घंटे तक लगातार उत्साह के साथ चलता रहा। समारोह के दौरान वरिष्ठ कलाकारों और पूर्व अधिकारियों ने आकाशवाणी के स्वर्णिम दौर की यादें साझा कीं। सेवानिवृत्त निदेशक धर्मपाल मलिक ने कहा कि आकाशवाणी रोहतक ने हरियाणा के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि हरित क्रांति और श्वेत क्रांति को आगे बढ़ाने में रेडियो के कृषि और पशुपालन कार्यक्रम बेहद प्रभावी साबित हुए। कार्यक्रम में लोक कलाकार महावीर गुड्डू, रणबीर बडवासनिया, कैलाश वर्मा, गुलाब सिंह और सोमवीर ने हरियाणवी लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की प्रस्तुति पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। केंद्र निदेशक संजय बाली ने सभी कलाकारों का स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा रेडियो आज भी विश्वसनीय माध्यम बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### बास्केटबॉल में कुरुक्षेत्र भिवानी व मेवात ने जीते मैच

**रोहतक।** 58वीं हरियाणा राज्य जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुक्रवार को शुभांरभ हुआ। यह प्रतियोगिता शिव कुमार मेमोरियल स्टेडियम किलोई में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। लड़कों के पहले मैच में कुरुक्षेत्र ने सिरसा को 40-37 से हराया। दूसरे मैच में भिवानी ने चरखी दादरी को 40-12 से हराया। तीसरे मैच में मेवात को फतेहाबाद ने 29-16 से हराया।

### समाधान शिविरों की शिकायतों का तुरंत हो निपटारा : डीसी

**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में वर्ष 2024-25 के दौरान प्राप्त लंबित शिकायतों का शीघ्र और उचित निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी संबंधित नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करें और उन्हें विभागीय कार्रवाई की पूरी जानकारी देकर संतुष्ट करें, ताकि समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि वर्ष 2024 और 2025 से संबंधित लंबित शिकायतों का तत्काल प्रभाव से निपटारा किया जाए।

### गुणवत्तापरक शोध और स्तरीय जर्नल्स पर दें ध्यान

**रोहतक।** गुणवत्तापरक शोध आलेखों का लेखन तथा उनका प्रतिष्ठित जर्नल्स में प्रकाशन शोधार्थियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। शोध कार्य में ई-संसाधनों का प्रभावी उपयोग आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यह विचार मदवि के अंग्रेजी विभाग में आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम में भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजेश पूनिया ने व्यक्त किए। डॉ. राजेश पूनिया ने शोधार्थियों को स्कोपस, वेब ऑफ साइंस सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शोध प्रकाशन मापदंडों और स्तरीय जर्नल्स की विस्तृत जानकारी दी।




# जानलेवा बनीं अवैध नेटवर्किंग तारें

## बिजली निगम ने शुरू किया अभियान, अवैध तारें हटाकर कंपनियों पर कसा जा रहा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरिभूमि सरोकार

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह फैली अवैध नेटवर्किंग तारें अब लोगों की जान के लिए खतरा बनती जा रही हैं। सड़कों पर लटकती और बिखरी केबलों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार कंपनियां और संबंधित विभाग लंबे समय तक इस ओर गंभीरता नहीं दिखा सके। हालात यह हैं कि बोहर गांव में जेएलएन नहर के ऊपर लगे बिजली के खंभों से नीचे की ओर नेटवर्किंग केबल सड़क तक लटक रही है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस स्थान पर एक-दो नहीं बल्कि दस से अधिक हादसे हो चुके हैं। कई बाइक सवार और अन्य वाहन चालक अचानक सामने आई तारों में उलझकर गिर चुके हैं। गनीमत यह रही कि अब तक कोई बड़ा जानलेवा हादसा नहीं हुआ, लेकिन लोगों में डर और रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभागों और कंपनियों को शिकायत दी गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। केवल ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं, बल्कि शहर के अनेक इलाकों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। कई स्थानों पर इंटरनेट और नेटवर्किंग कंपनियों की तारें बिजली के खंभों पर अवैध रूप से डाली गई हैं।

### निजी फाइबर कंपनी ने बिजली निगम में जमा करवाए रुपये

एयरटेल कंपनी ने बिजली निगम के खंभों पर अपनी वायर डालने के लिए निर्धारित शुल्क जमा करवा दिया है, जिसके बाद उसकी केबलों को अधिकृत माना जा रहा है। वहीं अन्य कई कंपनियों ने अभी तक निगम को कोई शुल्क जमा नहीं करवाया है और बिना अनुमति के खंभों का उपयोग कर रही हैं। इसी कारण बिजली निगम अब सख्त कार्रवाई के मूड में नजर आ रहा है।


श्री नगर कॉलोनी में सड़क पर पड़ी तार

### यह बोले आमजन

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे लटक रही सभी अवैध केबलों को तुरंत हटाया जाए और कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो ताकि भविष्य में लोगों की जान खतरे में न पड़े। लोगों का कहना है कि डिजिटल सेवाओं के नाम पर शहर और गांवों की सड़कों को हादसों का अड्डा नहीं बनने दिया जाना चाहिए।

### निगम चला रहा अवैध तारों को हटाने का अभियान

बिजली निगम द्वारा इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत अवैध रूप से डाली गई नेटवर्किंग तारों को खंभों से हटाया जा रहा है। निगम की टीमें शहर और गांवों में जाकर ऐसी केबलों की पहचान कर रही हैं और उन्हें जब्त कर अपने कब्जे में ले रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि बिना अनुमति खंभों का उपयोग करने वाली कंपनियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

### अवैध तारों को हटाया जा रहा

एक निजी कंपनी ने अपनी वायर डालने के लिए रुपये जमा करवाए है। वहीं अन्य अवैध तारों को हटाया जा रहा है। वैध तारों को सिस्टम के हिसाब से लगवाया जा रहा है। ताकि बिजली के तारों में कोई फाल्ट आए तो उसे आसानी से दूर किया जा सकें। अब पूरे शहर में अवैध तारें हटाने का अभियान चलाया हुआ है।

**-रामेंद्र मलिक,** कार्यकारी अभियंता, बिजली निगम

बाजारों-व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में चलाया अभियान

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई, 55000 के किए चालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रोहतक प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न बाजारों, दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री के उपयोग, भंडारण एवं बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 55 हजार के चालान किए गए।यह अभियान शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से रोक सुनिश्चित करना तथा आमजन में पर्यावरण संरक्षण एवं जिम्मेदार कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। निरीक्षण के दौरान टीमों ने विभिन्न दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की, जहां प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग एवं अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग एवं बिक्री होती पाई गई।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमारिया में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**रोहतक।** नशा मुक्ति टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चमारिया मे विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरुक किया गया है। एसआई अमर कटारिया व एएसआई मोहन के नेतृत्व मे नशा मुक्ति टीम ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाली हानि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य हर घर मे नशे के खिलाफ हर परिवार को जागरूक किया जा सके। आमजन को नशीली दवाओं, नशीले पदार्थो व नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली बीमारियों के खतरे से दूर करना है। युवा पीढ़ी को सही दिशा दिखाना पुलिस का कर्तव्य है। रोहतक पुलिस द्वारा नशे को ख़त्म करने के लिये निरंतर कार्य की जा रहे है। आगे उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति को कभी भी अपने पथ में आगे नही बढ़ने देता है। नशा करने वाला व्यक्ति परिवार के साथ साथ समाज मे भी परेशानी पैदा करता है व हर तरीके से बर्बाद कर देता है।

## समय पर किया गया रक्तदान बचा सकता है मरीज की जान : श्योराण



**महम।** जनसेवा समिति द्वारा रेडक्रॉस दिवस के मौके पर कोर्ट परिसर महम में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ महम कोर्ट के न्यायधीश अमित श्योराण ने स्वयं रक्तदान करके किया। कैंप में 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर के मुख्य अतिथि जज अमित श्योराण ने कहा कि रक्तदान महादान है। हमें समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। क्योंकि आपके द्वारा दान किए गए रक्त से मरीज की जान बचाई जा सकती है। किसी का जीवन बचाना सबसे बड़ा धर्म है। शिविर में एडवोकेट वेद प्रकाश अहलावत, कमल प्रीत, हितेश सैनी, अतुल सिवाच, राजेश गोयत, दीपक रांगी, रमन सहारन, प्रियंका शर्मा, आशीष समेत कई वकीलों ने रक्तदान किया। इस मौके पर जनसेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष बसंत लाल गिरधर, एडवोकेट जितेन्द्र सैनी, रामपाल चौहान आदि मौजूद रहे।

## लोक प्रशासन विभाग में फेयरवेल पार्टी की धूम, अंकित बना मिस्टर फेयरवेल



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के लोक प्रशासन विभाग में बुधवार को अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने स्वागत भाषण से किया। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में 6वें सेमेस्टर से अंकित को मिस्टर फेयरवेल और भावना को मिस फेयरवेल चुना गया, जबकि आनंद व अंजली मिस्टर व मिस पर्सनैलिटी रहे। 10वें सेमेस्टर से अंकित ने मिस्टर फेयरवेल, मीनाक्षी ने मिस फेयरवेल, आशीष ने मिस्टर पर्सनैलिटी और निधि ने मिस पर्सनैलिटी का खिताब जीता।

## मनदीप एशियन कुश्ती कैडेट प्रतियोगिता के लिए चयनित



**रोहतक।** एशियन कुश्ती कैडेट प्रतियोगिता के लिए शुक्रवार को ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें मनदीप ने शानदार प्रदर्शन करते भारतीय टीम में जगह बनाई। यह ट्रायल लखनऊ में आयोजित की गई। 9 मई को महिला कुश्ती की ट्रायल दिल्ली में आयोजित की जाएगी। एशियन कैडेट प्रतियोगिता 23 मई से 27 मई तक वियतनाम में आयोजित की जाएगी। मनदीप जिले के मेहर सिंह अखाड़े में कोच रणबीर ढाका के पास अभ्यास करता है। कोच रणबीर ढाका ने मनदीप को बधाई दी। उन्होंने मनदीप को आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की पहली जिम्मेदारी : एसपी गौरव

**रोहतक।** एसपी गौरव राजपुरोहित ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में क्राइम मीटिंग आयोजित कर जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव, ट्रैनी आईपीएस रविन्द्र कुमार, डीएसपी मुख्यालय जितेश मल्होत्रा, डीएसपी सांपला राकेश, डीएसपी महम तनुज शर्मा सहित सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और सीआईए स्टाफ मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसपी गौरव राजपुरोहित ने पिछले एक माह के दौरान सभी थानों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। समीक्षा में सदर थाना को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला थाना बताया गया, जबकि थाना अर्बन एस्टेट का प्रदर्शन सबसे कमजोर पाया गया।

■ समीक्षा में सदर थाना सर्वश्रेष्ठ और अर्बन एस्टेट सबसे कमजोर मिला

## पैंथर एकादश ने गोयल क्रिकेट क्लब को 38 रन से हराया

**रोहतक।** वीटीआई क्रिकेट ग्राउंड रोहतक में खेले गए क्राउन सीरीज 3.0 लीग मुकाबले में पैंथर एकादश ने गोयल क्रिकेट क्लब को 38 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर 11 की टीम ने 29.2 ओवर में 272 रन बनाए। टीम की ओर से मुकेश ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 48 गेंदों में 118 रन बनाए, जिसमें 16 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। गोयल क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी में पुनीत राजपूत ने 3 विकेट, नसीब ने 2 विकेट और कप्तान अभिनव गुप्ता ने भी 2 विकेट हासिल किए।

272 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब की शुरुआत अच्छी रही। संकल्प ने 71 रन की शानदार पारी खेली, जबकि प्रिंस शर्मा ने 35 रन और चेतन्य दहिया ने 30 रन बनाए। हालांकि मध्यक्रम लड़खड़ा गया और पूरी टीम 32.3 ओवर में 234 रन पर ऑलआउट हो गई।

पैंथर 11 की ओर से गेंदबाजी में शिवम और ए.जे. राठौड़ ने 3-3 विकेट झटके, जबकि अभि सुहाग ने 2 विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राज्यपाल यूएचएस में 941 छात्रों को प्रदान करेंगे डिग्री



**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय अपने 5वें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन 23 मई 2026 को करने जा रहा है। इस समारोह में हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे और मेधावी विद्यार्थियों को डिग्री एवं स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित करेंगे। कुलपति प्रो. डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के कुल 941 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की जाएगी और 7623 स्क्रॉल पर होंगे हस्ताक्षर। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 68 मेधावी छात्रों को पदक से अलंकृत किया जाएगा। इनमें 51 पदक पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को और 17 पदक अंडर ग्रेजुएट छात्रों को प्रदान किए जाएंगे।

■ यूएचएस का 5वां दीक्षांत समारोह 23 मई को

### 16 मई तक करवाना होगा रजिस्ट्रेशन

कुलपति डॉ. अग्रवाल ने सभी योग्य पूर्व विद्यार्थियों से अपील की कि 16 मई 2026 की शाम 5 बजे तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट डब्लू डब्लू डॉट यूएचएसआर डॉट एसी डॉट इन पर अनिवार्य रूप से अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना रजिस्ट्रेशन के किसी भी छात्र को दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने की अनुमति नहीं होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# अग्निशमन कर्मियों का धरना 31वें दिन भी जारी


रोहतक। अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन करते दमकल विभाग के कर्मचारी।

■ कर्मियों ने मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

हरियाणा में अग्निशमन कर्मचारियों का धरना वीरवार को 31वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता अरुण ढुल और सोनू हुडा ने की। नेताओं ने सरकार से जल्द कर्मचारियों की मांगें पूरी कर आंदोलन समाप्त करवाने की अपील की। जिला प्रधान सोनू हुडा ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में फरीदाबाद मुजेसर अग्निकांड में शहीद हुए दो फायर कर्मियों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता, सरकारी नौकरी और शहीद का दर्जा देना शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पिछले छह वर्षों से लंबित वेतन बढ़ोतरी, छह प्रतिशत एरियर, एचकेआरएन व पैरोल कर्मचारियों को फायर ऑपरेटर पदों पर मर्ज करने तथा जोखिम भत्ता देने की मांग भी उठाई गई। उप प्रधान नरेंद्र सिंह ने कहा कि फायर कर्मचारियों में भय का माहौल बना हुआ है और सरकार को उनके हित में ठोस नीति बनानी चाहिए। मंच संचालन कर रहे अरुण कुमार ने चेतावनी दी कि 10 मई तक मांगें पूरी नहीं होने पर हड़ताल अनिश्चितकालीन कर दी जाएगी। वहीं नगर पालिका कर्मचारी संघ ने भी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल 10 मई तक बढ़ाने की घोषणा की है।

